आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 02.12.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- गुजरात में बड़ोदरा के साधली में आयोजित सरदार गाथा कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्धन ने चम्पावत में गोल्ज्यू मंदिर और बालेश्वर मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।
- रानीखेत स्थित सोमनाथ मैदान में कसम परेड के बाद कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर के 603 अग्निवीर, भारतीय सेना का हिस्सा बने।
- इस वर्ष रिकॉर्ड 36 हजार 526 श्रद्धालुओं ने आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन किए।

**सरदार पटेल एकता मार्च**

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एकता मार्च के तहत आज गुजरात में बड़ोदरा के साधली में सरदार गाथा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल को सभी उत्तराखंडवासियों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और अटूट समर्पण से अखंड भारत का सपना साकार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र–सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि एकता मार्च के अंतर्गत उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश के प्रत्येक जिले में भी एकता यात्रा का आयोजन किया। मुख्यमंत्री ने बताया उन्होंने खुद चार प्रमुख स्थानों पर एकता यात्रा में प्रतिभाग किया है। उन्होंने कहा कि एकता यात्रा के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्ति, योग और स्वास्थ्य जैसे विषयों से जोड़ने के साथ ही सहकारिता मेलों का आयोजन कर स्थानीय हस्तशिल्प और स्वदेशी उत्पादों के प्रचार–प्रसार की दिशा में भी कार्य किया गया है।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आज चम्पावत स्थित ऐतिहासिक गोल्ज्यू मंदिर और प्राचीन बालेश्वर मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। गोल्ज्यू मंदिर परिसर में उन्होंने प्रस्तावित गोल्ज्यू कॉरिडोर परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने कॉरिडोर परिसर का भ्रमण कर प्रस्तावित निर्माण, सौंदर्यकरण और सुगमता बढ़ाने वाले कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कॉरिडोर के सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा में, उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। इसके बाद मुख्य सचिव ने बालेश्वर मंदिर परिसर का निरीक्षण कर मंदिर और नौले के सौंदर्यीकरण की आवश्यकताओं का अवलोकन किया। उन्होंने पुरातत्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर मंदिर के प्राकृतिक व सांस्कृतिक

स्वरूप को संरक्षित रखते हुए सौंदर्यीकरण कार्य कराने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि गोल्ज्यू मंदिर और बालेश्वर मंदिर, सांस्कृतिक आस्था और लोक परंपराओं के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। इन धरोहरों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और बेहतर सुविधाओं के विकास से चम्पावत जिले में धार्मिक पर्यटन की संभावनाएं और अधिक सशक्त होंगी, जिससे स्थानीय रोजगार व आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी।

## ग्रोथ सेंटर

केंद्र सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लगातार प्रयास कर रही है। उद्योग विभाग की ग्रोथ सेंटर योजना के तहत ऊधमसिंह नगर जिले में सितारगंज के रुदपुर की भगवत क्लस्टर की महिलाएं खिलौना ग्रोथ सेंटर में एफिल टावर और राम मंदिर सहित मालाएं बना रही हैं, जिनकी धार्मिक पर्यटन स्थलों पर बहुत मांग है। जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल ने बताया कि ग्रोथ सेंटर में एनआरएलएम के भगवत क्लस्टर की 12 महिलाएं काम कर रही है और प्रत्येक महिला को लगभग चार हजार रुपये की आय हो रही है।

क्लस्टर की सदस्य सुशीला मंडल ने बताया कि इन उत्पादों को कैंची धाम, नानकमत्ता आदि तीर्थ स्थानों पर बेचा जाता है और इनकी बहुत मांग है।

## अग्निवीर कसम परेड

अल्मोड़ा के रानीखेत स्थित ऐतिहासिक सोमनाथ मैदान में आज कसम परेड के बाद कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर के 603 अग्निवीर, भारतीय सेना का हिस्सा बने। कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर के कमाडेंट, बिग्रेडियर संजय कुमार यादव ने परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को कमांडेंट ने पदक देकर सम्मानित किया। कमाडेंट बिग्रेडियर संजय कुमार यादव ने कहा कि 31 सप्ताह के कठिन परिश्रम के बाद 603 अग्निवीर सेना का हिस्सा बने हैं। उन्होंने अग्निवीरों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

अग्निवीर आयुष ओली ने कहा कि उन्हें सेना में भर्ती होकर बहुत गर्व हो रहा है।

## आदि कैला□ा यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2023 में आदि कैलाश आगमन के बाद तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। इस वर्ष यात्रा सीजन में रिकॉर्ड 36 हजार 526 श्रद्धालुओं ने आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन किए। वहीं, सेना की अनुमति के बाद दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं को ओल्ड लिपुपास से तिब्बत स्थित कैलाश पर्वत के दर्शनों का अवसर मिला। पिथौरागढ़ के जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र आर्य ने बताया कि में प्रधानमंत्री के आदि कैलाश दौरे के बाद यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

गौरतलब है कि इस वर्ष 30 मई से शुरू हुई आदि कैलाश यात्रा 30 नवंबर को सम्पन्न हुई थी।

**वाइब्रेंट विलेज**

वाइब्रेंट विलेज योजना के दूसरे चरण के तहत प्रदेश की नेपाल सीमा से सटे 40 गांवों का पुनरोद्धार किया जाएगा। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि इन गांवों के विकास के लिए केंद्र सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसमें आजीविका, आवास, कनेक्टिविटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और अन्य विकास कार्य शामिल हैं।